तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025



10 रवान में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती





12 ग्रामसभा में वीबीजीरामजी योजना के उद्देश्य ...








# पैरा खेतों में न जलाएं किसान, नष्ट होती है मिट्टी की उर्वरता शक्ति

## पराली जलाने के दुष्परिणामों से किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में धान फसल की कटाई पूरी हो चुकी है, जिसके पैरा को किसानो द्वारा कटाई बाद खेतों में जला दिया जाता है, जिससे उठने वाला धुंआ वायु प्रदुषण बढ़ता है, जिससे श्वसन रोग, आंखों में जलन, त्वचा संबंधित समस्याएं सहित कई स्वास्थ्यगत जोखिम उत्पन्न होते हैं। पराली जलाने से मृदा उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इससे मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते है एवं मिट्टी कठोर हो जाती है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली नहीं जलाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने धान कटाई उपरांत पैरा को कृषि यंत्रो के माध्यम से उचित प्रबंधन हेतु किसानों से अपील किया है। । इसी प्रकार बेलर मशीन का उपयोग धान कटाई उपरान्त बचे हुए पैरा को गोल या चौकोर बंडल बनाने में किया जाता है, जिससे पैरा बिना मजदूरों के कम खर्चे में इकठ्ठा किया जा सकता है, जिसका उपयोग पशु चारे के रूप में किया जा सकता है। जिससे वायु प्रदुषण और मिट्टी की गुणवत्ता को नुकसान नहीं होता है। पैरा से खाद (कम्पोस्ट) बनाने हेतु कृषि विभाग के द्वारा बायो-डी कम्पोजर का वितरण कृषकों को मैदानी अधिकारियों के माध्यम से किया गया है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के द्वारा वेस्ट डी कम्पोजर के माध्यम से पैरा से खाद बनाने ▸▸ शेष पेज 11 पर





### हैप्पी सीडर का उपयोग करें

कृषि रबी फसल के बुआई हेतु हैप्पी सीडर का उपयोग पराली को बिना जलाए गेहूं जैसी अगली फसल की सीधी बुवाई करने के लिए किया जाता है। यह मशीन पराली को काटकर खेत में बिखेर देती है, जिससे मिट्टी की नमी बनी रहती है तथा खरपतवार भी कम होता है।

## खबर संक्षेप

### 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सरगीडीह टिकरा कच्चे रास्ते पर स्थित महुआ पेड़ के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी रामलाल मांझी पिता विश्वनाथ मांझी (36 वर्ष) खैरटकला चौकी टुहलू थाना कोमाखान के कब्जे से कुल 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### युवक के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना के वार्ड नंबर 2 में अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी हरिश ओगरे उर्फ सोनू पिता अशोक ओगरे (19 साल) निवासी वार्ड नं. 02 बसना के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बाइक के अनियंत्रित होने से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम दुलारपाली एवं जम्हारी के बीच अंधे मोड़ में अनियंत्रित होकर बाइक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच में पाया कि मृतक नरेंद्र नायक पिता सोम सिंह नायक (42 वर्ष) चकरदा थाना सरायपाली 26 दिसंबर की रात 11 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीवी V8996 को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण दुलारपाली और जम्हारी के बीच अंधे मोड़ में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में सरायपाली पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### विपणन विभाग और एफसीआई के टेंडर में करोड़ों के खेल का खुलासा

**महासमुंद।** विपणन विभाग और एफसीआई में धान की लोडिंग-अनलोडिंग और परिवहन टेंडर को लेकर बरती जा रही अनियमितता को उजागर करते हुए सिद्धि विनायक फर्म के संचालक विकास कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान विभाग के अधिकारियों और बड़े पूंजीपति ठेकेदारों के बीच सिंडीकेट होने का गंभीर आरोप लगाया। विकास कुमार का कहना है कि उन्हें जानबूझकर टेंडर प्रक्रिया से बाहर किया गया। उन्होंने बताया कि , मुझे दस्तावेजों की कमी सुधारने के लिए 48 घंटे का समय और आश्वासन दिया गया।, लेकिन, रातों-रात साजिश रचकर टेंडर को रिजेक्ट कर दिया गया। उन्होंने सीधे तौर पर एफसीआई मैनेजर राजेश ग्रेवाल और डिवीजनल मैनेजर रविंद्र कुमार यादव पर पूंजीपतियों का पक्ष लेने और एसटी एवं एससी वर्ग के ठेकेदारों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। विकास ने बताया है कि जो काम कम दर पर किया जा सकता था, उसे मिलीभगत के कारण ऊंचे दामों पर चहेते ठेकेदारों को दिया जा रहा है।

## मोदी की गारंटी लागू करने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू किया आंदोलन

# कर्मचारी फेडरेशन की तीन दिवसीय हड़ताल से दफ्तरों में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का तीन दिवसीय आंदोलन सोमवार से प्रारंभ हुआ। पहले दिन कर्मचारियों ने बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में आंदोलन प्रारंभ किया और सरकार के समक्ष 11 सूत्री मांगें रखी। मोदी की गारंटी लागू करो के नारे से दशहरा मैदान गूंज रहा था। कर्मचारियों अधिकारियों की प्रमुख मांग है कि केंद्र सरकार के समान कर्मचारी एवं पेंशनरों को(डीए) महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए। एरियार्स की राशि जिसे सरकार द्वारा 5 वर्षों से कर्मचारियों को नहीं दी है उसे जीपीएफ खाते में सामायोजित किया जाए, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समय मान वेतनमान दिया जाए। प्रदेश के लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति को दूर करने के लिए पिंगुवा कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। आज पर्यंत सहायक शिक्षक एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समय मान वेतनमान नहीं दिया गया, जबकि सभी विभागों को दिया जा चुका है। इस प्रकार अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शीतलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए, अर्जित अवकाश मध्य प्रदेश की तर्ज पर 300 दिन दिया जाए। दैनिक, नियमित संविदा कर्मियों को नियमित करने की ठोस नीति बने। सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृति 65 वर्ष की जाए। इन मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन की राह पर अपने तीसरे चरण के आंदोलन में पूरे प्रदेश भर में शंखनाद कर दिए हैं।

सोमवार के आंदोलन में विभिन्न संगठनों के जिला अध्यक्षों ने भाग लिया, जिसमें जिला संयोजक डॉक्टर एलएस ध्रुव, जिलाध्यच मनोज कुमार दुबे, सुरेश कुमार पैकरा, प्रकाश कुमार तिवारी, संतोष साहू, कामता जांगड़े, विजय साहू, अविनाश तिवारी, वायल राबात, विनोद कुर्रे, सरोज बाघमार, माखन चंद्राकर, रमेश कुमार नेगी, संतोष वैष्णव, डॉ. बी एल ध्रुव, लोकेश वर्मा, रोशन देवांगन, डॉक्टर एस एन उपाध्याय, पेखन टोंद्रे, अमित शुक्ला, रमाशंकर कंवर, सुनील तिवारी, एमपी बंदे, अजय पांडेय, डी एस नेताम, मनोज साहू, गुहातराम, माहेश्वरी, रामेश्वरी, हरिशंकर, जोशी, कमलेश, धनगर कुजूर, लक्ष्मी वर्मा, ललिता मिश्रा, बालेश्वरी साहू, ▸▸ शेष पेज 11 पर



### अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने आदेश जारी करें

फेडरेशन के संयोजक एलएस ध्रुव ने बताया कि मोदी की गारंटी के साथ मांगों को पूर्ण करने का सरकार द्वारा वादा किया गया था। आज 2 साल बीत जाने के बाद भी सरकार कर्मचारियों अधिकारियों पर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे कर्मचारियों अधिकारियों में आक्रोश व्यक्त है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर आज से धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन चालू कर दिया गया। आंदोलन के लिए रणनीति बनाई जा चुकी है। सभी अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन को सफल बनाने के लिए कर्मचारी नेता सभी एकजुट हो चुके हैं। 125 मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त संगठनों द्वारा उपरोक्त मांगों को लेकर आज से कलम बंद, काम बंद आंदोलन के तहत सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जा रहा है। सरकार द्वारा निर्णय नहीं लेने की स्थिति में फेडरेशन और उग्र प्रदर्शन करेगा। प्रदेश के अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा दी जाए। प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने आदेश जारी किया जाए। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त सेवा लाभ दिया जाए। साथ ही प्रदेश के पंचायत सचिव का शासकीय कारण किया जाए। मध्य प्रदेश की तरह प्रदेश में अर्जित अवकाश नगदी कारण 300 दिन की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ दिया जाए।

# जयंती कार्यक्रम से लौट रहे युवक की गला रेतकर हत्या

## दो साथी गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा





समीपस्थ ग्राम सेमरिया (ब) में रविवार की रात एक जघन्य हत्याकांड से सनसनी फैल गई। जयंती कार्यक्रम के दौरान अज्ञात हमलावरों ने 22 वर्षीय युवक परमेश्वर यदु की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इस हमले में युवक के दो अन्य साथी भी घायल हुए हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और ग्रामीण थाना पुलिस की टीम मामले की गहन तफ्तीश में जुटी है।

■ पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ में जुटी, संदिग्धों पर है नजर

### पुलिस की घेराबंदी

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों का उपचार कराया जा रहा है। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी लोग आए थे। इस आधार पर पुलिस आसपास के ग्रामीणों और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर लगातार पूछताछ कर रही है।

### गांव में पसरा सन्नाटा

जयंती के उल्लास भरे माहौल के बीच हुई इस हत्या से पूरे ग्राम सेमरिया में मातम और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एडिशनल एसपी ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### विवाद के बाद धारदार हथियार से हमला

घटना के संबंध में एडिशनल एसपी एचएस सिदार ने बताया कि ग्राम सेमरिया (ब) में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम समापन के बाद रात लगभग 2.30 बजे परमेश्वर यदु 22 वर्ष अपने दो साथियों के साथ घर वापस जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ अज्ञात लोगों से उनका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से परमेश्वर के गले पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में उसके दोनों साथियों को भी चोटें आई हैं।

# शहर की गंदगी और गंदे पानी के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शहर से सटे ग्राम पंचायत खपराडीह के ग्रामीण लंबे समय से शहर के कचरे और दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर सोमवार 29 दिसंबर को ग्रामीणों ने प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोला। ग्राम पंचायत के सरपंच ज्ञानचंद नेताम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम श्यामा पटेल, नगर पालिका परिषद और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।



ग्रामीणों का आरोप है कि भाटापारा शहर का सारा गीला-सूखा कचरा और निकासी का गंदा पानी बिना किसी उपचार के खपराडीह गांव की सीमा में छोड़ा जा रहा है। इससे गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। भूजल और खेती की जमीन ▸▸ शेष पेज 11 पर

# माहभर में अवैध रेत परिवहन के 37 प्रकरणों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज उड़ानदस्ता दल एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स लगातार जांच और कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में विगत दिनों ग्राम सीरियाडीह महानदी रेत घाट में चैन माउन्टेन मशीन से रेत का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर खनिज विभाग की टीम द्वारा प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर





प्राप्त शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए विगत 1 माह में खनिज उड़न दस्ता दल द्वारा खनिज रेत का 1 प्रकरण, अवैध परिवहन 37 प्रकरण दर्ज किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025 -26 माह नवम्बर तक कुल 543 प्रकरणों में 1,85,99,423 रुपये समझौता राशि ▸▸ शेष पेज 11 पर

# अन्य किसान के खाते में धान खपाने की कोशिश नाकाम, 22 कट्टा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और बिचौलियों पर नकेल कसने के लिए मुस्तैद है। इसी कड़ी में सोमवार को मंडी टीम ने एक किसान द्वारा दूसरे किसान के खाते में अवैध रूप से धान बेचने के प्रयास को विफल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केंद्र करमदा में कृषक तुलेश्वर प्रसाद वर्मा द्वारा धान विक्रय हेतु लाया गया था। जब मंडी अधिकारियों ने संदेह होने पर कड़ाई से पूछताछ और जांच की, तो पाया गया कि लाया गया 22 कट्टा धान उक्त



कृषक का न होकर किसी अन्य व्यक्ति का है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खपाए जा रहे पूरे धान को जब्त कर लिया है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर अवैध धान के परिवहन, भंडारण और कोचियों द्वारा धान खपाने की कोशिशों पर कड़ी ▸▸ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा

# 76805 किसानों से 360887 मीट्रिक टन धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों एवं संग्रहण केंद्रों से धान उठाव में लापरवाही बरतने वाले मिलर्स पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

■ धान उठाव में लापरवाही बरतने वाले मिलर्स पर कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि डीओ जारी होने के 10 से 12 दिन के बाद भी धान उठाव नहीं करने वाले मिलर्स की जांच ओवर राइट की कार्यवाही करें। थोक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर पुनः भौतिक सत्यापन जांच शुरू करें। उन्होंने जिन समितियों में धान उठाव नहीं हुआ है वहां धान उठाव शीघ्र शुरू करने पहले डीओ जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मिलर्स पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। चेक पोस्ट सहित संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी और अवैध धान पर कार्यवाही के निर्देश दिये।बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 76805 किसानों से 360887 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके साथ ही 50676 किसानों का लगभग 1058 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है। जिले के 165 उपार्जन केंद्रों से डीओ के विरुद्ध धान उठाव शुरू हुआ है।



### धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिपं अध्यक्ष नवीन अग्रवाल

खरोरा। ग्राम केशला के प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में निरीक्षण करने जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल पहुंचे। धान बेचने आये सभी किसानों से चर्चा की एवं बारदाना की मात्रा, धान का उठाव, धान तौल वजन का जायजा लिया और आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। वहीं मंडी परिसर में शौचालय निर्माण का भूमि पूजन किए, जहां मंडी अध्यक्ष शिवलाल देवांगन, सरपंच मया कुमार वंशे, मंडी प्रभारी राजेन्द्र वर्मा, नारायण निर्मलकर, बेदराम वर्मा, रामाधार वर्मा, जय साहू, पंचगण हेमंत देवांगन, छवि नशीने, राजेंद्र यादव, पन्ना लाल देवांगन, उत्तरा मनीष वर्मा, उत्तरा साहू, किरण नशीने, रोजगार सहायक जितेन्द्र कश्यप, चंद्रशेखर देवांगन, बलराम बंजारे कृषकगण नेतराम वर्मा, गंगा प्रसाद मार्कण्डेय, दीपक गेंद्र, छोटू पाल, शिवनंदन टंडन उपस्थित थे।





# मुख्यमंत्री साय साराडीह में बड़े भजन मेले का आज करेंगे शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

अखिल भारतीय रामनामी सत्संग महासभा के तत्वावधान में इस वर्ष का वार्षिक बड़े भजन मेला ग्राम साराडीह में आयोजित होने जा रहा है। तीन दिवसीय इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक समागम का शुभारंभ मंगलवार 30 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा कलश स्थापना एवं ध्वजारोहण के साथ मेले की विधिवत शुरुआत होगी।

रामनामी समाज के अध्यक्ष कौशल रामनामी ने बताया कि यह मेला समाज की एकता और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से इस महासभा में सहभागी बनने की अपील की है। मेले के मुख्य आकर्षण कलाकारों और समाज सुधारकों द्वारा ज्ञानवर्धक जन-जागृति प्रस्तुतियां और प्रवचन।


दर्शकों के लिए सिनेमा, सर्कस, झूला और ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### नववर्ष पर शहीद स्मारक में दीप अवश्य जलाएं

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में नववर्ष पर अमर वीर शहीदों के नाम से एक दीप अवश्य जलाएं। उन्होंने कहा कि अमर वीर शहीदों ने भारत देश के लिए अपना बलिदान दिया है। भारत मां की आन-बान व शान के लिए वे हंसते-हंसते शहीद हो गए है। इस नववर्ष पर शहीदों को याद करते हुए एक दीपक जरूर जलाएं। उन्होंने स्मारक के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया।



### छिंदौली में गुरु घासीदास की जयंती व मेला कल

**झलप।** ग्राम पंचायत छिंदौली में 31 दिसंबर बुधवार को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 2 बजे से पंथी कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें प्रथम प्रस्तुति गुरु अमरदास पंथी पार्टी (ग्राम मुरकी) एवं द्वितीय प्रस्तुति ज्ञान के ज्योति बालिका पंथी पार्टी (ग्राम धनसुली) द्वारा दी जाएगी। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। रात्रि में लोक कला मंच लोक रंजनी किरण भारती का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।



### बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं सतनाम यात्रा में शरीक हुई हुलसी

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं पावन सतनाम यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद हुलसी जितेंद्र चंद्राकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बाबा के विचार आज भी समाज को सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सतनाम पंथ की शिक्षाओं को सामाजिक समरसता और भाईचारे की मजबूत नींव बताया। हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने आयोजन के लिए समस्त आयोजकों, श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और कामना की कि बाबा गुरुघासीदास की शिक्षाएं समाज को सदैव सही दिशा प्रदान करती रहें।





**श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया**

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा हैं। कथा के चौथे व पांचवे दिन कथाव्यास आचार्य पंडित दीपक शर्मा ने प्रहलाद, गजगृह युध्द, समुद्र मंथन, वामन अवतार व पांचवे दिन राजा हरिश चंद्र, राम अवतार, कृष्ण जन्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया।



कृष्ण जन्म उत्सव में झूम उठे श्रद्धालुओं ने शंख व भक्ति धुन के साथ पूजा आरती किया। नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा कृष्ण व सुदामा की आकर्षक झांकियां सजाईं गईं। इस दरम्यान भक्त दर्शन के लिए उमड़े रहे। दही लूट, मटकी फोड़ के साथ भगवान के बाल रूप का चित्रण किया। कार्यक्रम स्थल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारों से गुंजायमान रहा। आचार्य ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान कृष्ण गोकुल पहुंच गए। जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। महिलाओं ने भक्ति गीतों और आरती के साथ पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस अवसर पर आयोजक सरपंच चंदन चंद्राकर, डॉ भारती चंद्राकर, लोचन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, दीपिका चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, प्रज्ञा चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, रूपदास वैष्णव, चोवाराम साहू, बलदाऊ साहू, ईश्वर साहू, पवन साहू, लेखूराम चंद्राकर, राधे पटेल, रवि चंद्राकर सहित ग्रामीण धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

**आक्रोश : भाजयुमो ने फूंका भूपेश बघेल का पुतला**

# कांग्रेस पार्टी के नेता भगवान श्रीराम के विरोधी: भाजयुमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के नेहरू चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतों का अपमान करते रहे हैं। सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है, इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो।



इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा जिला मंत्री मनीष बंसल, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, महिला मोर्चा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष सुधा साहू, रमेश साहू, संदीप घोष, पंकज चंद्राकर, भाऊ राम साहू, राजू चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, मैना कोसले, मनीष शर्मा, पार्षद माखन पटेल, निश्चय चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, गोविंद ठाकुर, नईम खान, उषा पाल, भगवती करकसे, शरद मदनकार, गोविंद ठाकुर, चंद्रबदन मिश्रा, गोपी कन्नौजे, अजय चोपड़ा, भाजयुमो प्रदेश विधि एवं तकनीकी प्रमुख प्रणय, विधि एवं तकनीकी सह प्रमुख मिलिंद चंद्राकर, भाजयुमो जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी अमन वर्मा, सुमीत जैन, भाजयुमो पूर्व जिला महामंत्री दिनेश रूपरेला, नरेश नायक, राजा अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राकेश सचदेव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, पंकज जैन, पूनम निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, मंडल महामंत्री द्वय जतिन रूपरेला, खुशाल ठाकुर, अमित साहू, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, अमित राय, कुशल साहू, आयुष दुबे, लिलेश साहू, शुभम बाघ, पवन साहू, प्रवीण चंद्राकर, विनय ठाकुर, समीर, निखिल केला, राहुल जोशी, आनंद दीवान सहित भारी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रवान में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



**रवान।** ग्राम रवान में बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जोड़ा जैतखाम में पूजा अर्चना कर महा आरती के बाद पालो चढ़ाया गया। इस अवसर पर आमंत्रित पंथी टोली ग्राम मुडियाडीह एवं हसदा गांव के पंथी टोली ने शानदार प्रदर्शन किया। अपनी कला से लोगों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्थानीय पंथी पार्टी ने भी अच्छी प्रस्तुति दी। भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संतोष मांडले, काशीराम बंजारे, समारू गेंडरे, रमेश मारकंडे पूर्व उपसरपंच, पुनाराम बंजारे, पुहुप राम, कार्तिक राम, दिलेश्वर मनहरे, दिलीप मनहरे ऋतुराज, रामसजीवन डिंडेकर, राजकुमार टंडन, खिलावन जांगड़े,



बालगोविंद मार्कंडेय, घासीराम, मिलन, रामनाथ, सोमनाथ, संतराम, सुशील, सुनील, हुलास, ओंकार गेंडरे, सालिक मारकंडे, शिवा,टिकेश्वर, धनंजय, तुलसीराम, सतीश, घनश्याम गेंडरे, टेटकू मारकंडे, राकेश डीडेकर, उमेश मन्हरे सहित सतनामी समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप महाराष्ट्र के लिए हेमांशु का चयन

**महासमुंद।** 6वीं सब-जूनियर एवं सीनियर बी नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला का आयोजन अहिल्यानगर महाराष्ट्र में 30 दिसंबर से 02 जनवरी 2026 तक किया गया है। जिले से सब जूनियर नेशनल में हेमांशु साहू पिता पूरन प्रकाश साहू, माता जानकी साहू वार्ड नंबर 7 महासमुंद का चयन 10 से 14 वर्ष बालक वर्ग में हैंड बैलेंस इंडिविजुअल इवेंट एवं ट्रेडिशनल योगासन ग्रुप में हुआ हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम महाराष्ट्र के लिए 28 दिसंबर को रवाना हुई। इससे पहले हेमांशु ने 6वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में किया गया था। जिसमें स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया था। जिसके आधार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप महाराष्ट्र के लिए चयन हुआ है।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मेजर सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, उपाध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, सचिव गणेश राम कोसरे, सह सचिव तोरण यादव, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, प्राचार्य देवेंद्र अगवाले, वरिष्ठ व्याख्याता आईएल साहू, एल कुरील, केआर साहू, सिद्धांत, प्रशिक्षक कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता, सत्यनारायण ठाकुर, हिरेंद्र साहू, छन्नू साहू, वेदराम, नीलम साहू, प्रभा साहू, वैशाली ठाकुर, तृषा शर्मा, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नेहा नायक, सत्यनारायण दुर्गा, रामेश्वरी दीवान, संदीप पटले, दीपांशु, प्रियांशु पटले, भरत साहू, ओंकार साहू, देवेंद्र दीवान एवं पालकों ने हर्ष जताया है।

## एडवेंचर कैंप पचमढ़ी के लिए पिथौरा से 25 स्काउट-गाइड रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर पचमढ़ी (मध्यप्रदेश) में शामिल होने के लिए विकासखंड पिथौरा के 25 स्काउट-गाइड एवं 2 प्रभारी 29 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले शिविर के लिए रवाना हुए। विकासखंड स्काउट-गाइड संघ पिथौरा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी एवं संजय गोयल ने हरी झंडी दिखाकर कैंपर टीम को रवाना किया। इस मौके पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) संतोष कुमार साहू, जिला सह सचिव राजीव कुमार तिवारी, जिला क्वार्टर मास्टर श्राम कुमार नायक, ब्लॉक सचिव झनेश कुमार साहू, वरिष्ठ स्काउटर नरेश नायक एवं गाइडर सुकांति नायक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त शिविर में विकासखंड पिथौरा के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 25 स्काउट-गाइड भाग ले रहे हैं। वहीं विकासखंड प्रभारी के रूप में स्काउटर एवं ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार निषाद तथा गाइडर मुस्कान वर्मा भी टीम के साथ शामिल हैं।

# ऑयल पॉम रोपण को दिया जा रहा बढ़ावा, केंद्र-राज्य सरकार से मिलेगी अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता लाने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल के तहत ऑयल पॉम रोपण को बड़ा बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के एक लाख 30 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर के अनुदान के साथ अब छत्तीसगढ़ शासन ने 69,620 रुपए का अतिरिक्त अनुदान देने का निर्णय लिया है, जिसमें जिले के किसानों को इस मुनाफे वाली फसल के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकें।

उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक पायल साव ने बताया कि जिले में उद्यानिकी विभाग के माध्यम से ऑयल पॉम रोपण को बढ़ावा देने के लिए नई अनुदान नीति लागू की गई है। ऑयल पॉम एक ऐसी दीर्घकालीन फसल है, जिसमें एक बार रोपण के चौथे वर्ष से पैदावार शुरू होकर 30 वर्षों तक निरंतर आय प्राप्त होती है। पारंपरिक तिलहनी फसलों की तुलना में इसकी तेल उत्पादन क्षमता चार से छह गुना अधिक है। किसानों की शुरुआती लागत कम करने के लिए राज्य शासन ने विभिन्न घटकों में वृद्धि की है। अब रखरखाव मद में 6750 रुपए, अंतरवर्तीय फसलों के लिए 10,250 रुपए और ड्रिप सिंचाई के लिए कुल 22,765 रुपए का अनुदान मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण पौधों को जानवरों से बचाने के लिए, फेंसिंग के लिए, प्रति हेक्टेयर 54,485 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। ऑयल पॉम में रोगों का प्रकोप न्यूनतम रहता है और यह कम श्रम में अधिक लाभ देने वाली फसल है। ऑयल पॉम की खेती किसानों के लिए लंबी अवधि का निवेश है। इसकी खेती में शुरू के 3-4 साल की गेस्टेशन अवधि के बाद रखरखाव बेहद कम हो जाता है। अन्य तिलहन फसलों के मुकाबले इसमें मेहनत कम और बाजार में मांग अधिक है, जिससे कृषकों को दशकों तक स्थाई आर्थिक लाभ मिलना सुनिश्चित होता है। केंद्र के 1.30 लाख अनुदान के अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा फेंसिंग, ड्रिप और रखरखाव मद में 69,620 रुपये तक का टॉप-अप अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान उद्यानिकी विभाग के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क कर पंजीयन करा सकते है।



**तेंदूकोना मंडल में हुआ कार्यक्रम, आसपास गांव के लोग पहुंचे**

# संघ शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

स्थानीय साहू समाज भवन में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोर मयारु किसान कौसरा द्वारा देशभक्ति, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भुनेश्वर साहू (सामाजिक कार्यकर्ता) ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा एवं समाज जागरण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सबकी एकता का आधार भारत माता हैं, हम सब इसके पुत्र हैं। सभी हिंदू सहोदर भाई हैं कोई भी पतित नहीं हैं। डॉक्टर हेडगेवार ने हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। त्रिलोक शर्मा (धर्म जागरण जिला संयोजक) ने कहा कि पूरे विश्व में केवल हिंदू ही सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की बात करता हैं। वसुधैव कुटुंबकम् की बात केवल हिंदू समाज करता हैं। हिंदू समाज जाती, पंथ, भाषा, वर्ग भेद से ऊपर उठकर एक होना पड़ेगा। जाह्नवी साहू (तहसील उपाध्यक्ष साहू समाज) ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्य का विषय रखा। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई। तत्पश्चात सहभोज भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिलेश्वर पटेल अध्यक्ष हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति एवं आभार प्रदर्शन धनंजय साहू मंडल कार्यवाह द्वारा किया गया।





कार्यक्रम में रिंकू बैरागी सह जिला कार्यवाह, राम नारायण साहू जिला प्रचार प्रमुख, यशवंत साहू खंड कार्यवाह, मोहन साहू सह खंड कार्यवाह, महेश्वर सेन, महेश वैष्णव, दुर्गा वस्त्रकार, विनोद यादव, हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के उपाध्यक्ष चिंताराम साहू महिला उपाध्यक्ष जीवनी साहू, कोषाध्यक्ष उज्ज्वल अग्रवाल सहित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में तेंदूकोना मंडल के 19 गांव के हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नयापारा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में अनेक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में महासमुंद के नयापारा जिसे वीर शिवाजी बस्ती कहा जाता है, वहां हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन नयापारा में स्थित तरणी मंदिर के पास हुआ। जात-पात की करो विदाई हिंदू-हिंदू भाई-भाई के स्लोगन के साथ हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में नयापारा के सभी स्थानों से व्यक्ति सम्मिलित हुए। समिति के सचिव पवन विश्वकर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम हिंदू समाज को एक करने का कार्य है और नयापारा में इस प्रकार का आयोजन आगे भी किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन में स्थानीय बालक एवं



बालिकाओं द्वारा धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भूपेंद्र राठौर वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषय में जानकारी दी। महिला वक्ता के रूप में प्रीति कर्माकर उपस्थित थे, जिन्होंने पांच परिवर्तन अर्थात समाज में होने वाले पांच परिवर्तन के बारे में विषय रखा और हिंदुत्व का विषय श्रीराम जानकी मंदिर के पुरोहित नारायण वैष्णव ने रखा। सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह देवांगन, उपाध्यक्ष मीना वर्मा, सचिव पवन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मिथिलेश बोयर, सदस्य ललित मांझी, अनंत बघेल, दिव्यांश सिन्हा, गोपीकिशन, वंदना सेन, प्रियंका मानिकपुरी, तारिणी सिन्हा, जय सिन्हा, हेमकांति देवांगन एवं समस्त मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बाइक से गांजा परिवहन महिला व पुरूष गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक पुरूष और महिला को गिरफ्तार किया गया है। मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज चार लाख रुपए का 8 किलो गांजा जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर मुखबिर से सूचना मिली कि एक काला नीला कलर का एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेडएल 5219 में एक महिला एवं एक पुरूष सवार होकर अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिए की बाइक वहां आई। जिसमें एक पुरूष एवं एक महिला सवार थे। जिन्हें रोककर नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम ओंकार कुशवाहा पिता हरिलाल कुशवाहा (38 साल) खम्हरिया थाना इंद्राणा जिला जबलपुर मप्र तथा मोटर सायकल के पीछे बैठी महिला ने अपना नाम सपना बेन पति कैलाश बेन (31 साल) 82 शांतिनगर समता कालोनी दमोह नाका थाना गोहलपुर जिला जबलपुर मप्र होना बताया।

## निधन

### जगरबत्ती वर्मा



**खरोरा।** ग्राम केसली निवासी 80 वर्षीय जगरबत्ती वर्मा का 26 दिसम्बर को निधन हो गया। वे यशवंत, लोकेश्वरी, रूपेंद्र, रमा, चुरावन धनेश्वरी की मां एवं ढागेश्वर, भूषण, चंद्रकांत, साकेत, डेमन, जितेंद्र की दादी मां और जीवन और जितेंद्र की नानी थी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### छेदन साहू



**पलारी।** ग्राम दतान (प.) निवासी छेदन साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रामकुमार साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण साहू समाज, बहुत संख्या में ग्रामीण, वरिष्ठजन उपस्थित हो कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### चेतन साहू



**पलारी।** ग्राम सकरी (स.) निवासी चेतन साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे तेजराम साहू, कुंदन साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में ग्रामीण साहू समाज, ग्रामीण, वरिष्ठजन उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

**दिवस : कार्यक्रम में शामिल हुए नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा**

# शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और समाज सेवा के लिए रहा समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गोंड़ समाज टोनाटार चक के तत्वावधान में ग्राम अर्जुनी में शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्यजन, युवा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, समाज सेवा और राष्ट्र के लिए बलिदान की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल होती है और समाज को अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि शहीदों के आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रप्रेम को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त आयुक्त लोक अभियोजन अधिकारी एमआर ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांशा गोलू जायसवाल, जिला अध्यक्ष शासकीय विकास संघ सुरेश कुमार पैकरा, जिला पंचायत सदस्य डोमन वर्मा, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सभापति अमर मंडावी, बलौदा बाजार जनपद सभापति वेदश्वरी यादव, त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, दौलत कुंजाम, आर.के. कुंजाम, श्रीराम मरकाम, राम प्रकाश नेताम, उप सरपंच विष्णु साहू, पूर्व सरपंच प्रमोद संकला एवं समस्त सामाजिकजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।






### वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में पहुंचे सामाजिक सदस्य

अर्जुनी। ग्राम पंचायत अर्जुनी में आदिवासी समाज टोनाटार चक द्वारा 1857 क्रांति के महानायक शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के आदिवासी समाज बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने ग्राम पंचायत अर्जुनी के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंचे। करमा नृत्य प्रस्तुत करते हुए ग्राम की गलियों में अमर शहीद वीर नारायण सिंह के जय घोष करते हुए ग्राम के महामाया मंदिर में ज्योति प्रज्वलित कर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पर शहीद वीर नारायण सिंह एवं गोंडवाना समाज के अनेक महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर समाज के सभी वर्गों ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित कर जयघोष किया। समाज के बालक-बालिकाओं द्वारा सामाजिक रीति रिवाज एवं वेशभूषा आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल द्वारा समाज के लोगों को प्रकृति के प्रति तथा जल जंगल के प्रति जागरूक रहने एवं समाज के रीति रिवाज एवं परंपरा क्षेत्र के बारे में संबोधित किया। अति विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा समाज के भावी पीढ़ी को अपने हक अधिकार के लिए शिक्षित एवं शिक्षा के क्षेत्र पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा के द्वारा समाज के कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी द्वारा समाज के रूढी परंपरा के क्षेत्र पर उद्बोधन किया गया। जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने शासन की विभिन्न योजनाओं एवं आदिवासी समाज के अनेक शहीदों के बारे में जिसकी बलिदानी देश के स्वतंत्रता पर नींव का पत्थर रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं टोनाटार चक के कानूनी सलाहकार एवं सेवानिवृत संयुक्त संचालक लोक अभियोजन अधिकारी एमआर ध्रुव द्वारा क्षेत्र के आसपास के गांव से आए समस्त सगा समाज एवं अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत सरपंच कविता ध्रुव द्वारा गोंडवाना गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानि किया। संचालन अध्यक्ष दौलत कुंजाम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गजेंद्र कतलम, सीताराम नेताम, पंचराम ध्रुव, बलराम नेताम, हीरालाल ध्रुव, टोप सिंह, अमर सिंह ठाकुर, रामकिशन ध्रुव, संतोष ध्रुव, देवकुमार ध्रुव, साधराम, गजानंद ध्रुव, नारायण नेताम, राजेश ध्रुव, धनीराम ध्रुव, रामायण ध्रुव, भरत कतलम, उपसरपंच विष्णु साहू, प्रमोद सांखला, आर के कुंजाम, राम बगस नेताम, दशरथ नेताम, रूप सिंह, मालिक राम, विशेश्वर, देवकुमार, गेंद लाल, अमरू, राजीव ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने राजधानी पहुंचे अंचल के सैकड़ों कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी स्थापना दिवस पर बिलाईगढ़ सोनाखान से सैकड़ों कार्यकर्ता राजीव भवन रायपुर पहुंचकर स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये।

140 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस सेवा दल के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, राजकीय गीत और वंदे मातरम गाया गया और सबको स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी। तत्पश्चात राजीव भवन सभागार के संगोष्ठी हुई, जहां सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।राजेन्द्र तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, सत्यनारायण शर्मा, भूपेश बघेल, दीपक बैज आदि वरिष्ठ वक्ताओं ने उद्बोधन दिया।

इस स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजेंद्र तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, सुशील आनंद शुक्ला, संबोध हरितवाल, आकाश शर्मा, केशव चंद्राकर, अरुण ताम्रकार, सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, पंकज शर्मा, अमितेश शुक्ला, प्रमोद दुबे, मंजूलता आनंद, अजय साहू, अनिल वर्मा, संतोष यादव, मानिक साहू, घनश्याम के साथ बिलाईगढ़ सोनाखान से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, भीषम साहू, इंदू भूषण पडवार, युगल साहू, मुरलीधर मिश्रा, जान मोहम्मद खान, हेमलाल पटेल, धनीराम नाग, सुखलाल निषाद आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन माता कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये।

## संत रविदास समाज को एकजुट बनाये रखने वाले सच्चे समाज सुधारक थे : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ मेहर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए विधायक इंद्र साव



संत रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने न केवल समाज सुधारने के लिए काम किया, बल्कि सामाजिक एकजुटता के लिए हमेशा आगे रहे। ऐसे समाज सुधारक संत के कारण ही आप लोगों की पहचान एक मेहनतकश समाज के रूप में अपनी अलग पहचान बनी है। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने मंडी रोड स्थित मंगल भवन में प्रदेश स्तरीय मेहर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कही। इस दौरान विधायक साव ने समाज के ग्राम सिंगारपुर में सामाजिक भवन के लिए 10 लाख की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमराज बाकरे, मेहर समाज प्रदेशध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे।

विधायक इन्द्र साव ने कहा संत रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत, समाज सुधारक, सच्चे भक्त, ईश्वर प्रेमी कवि थे। अपनी भक्ति समानता के संदेश और मानवता की सेवा के कारण पूरे देश में प्रसिद्ध हुए। गुरु रविदास ने जीवनभर जाति भेदभाव, ऊंच नीच और सामाजिक असमानता का विरोध किया। उन्होंने प्रेम, भक्ति, करुणा, बराबरी और सच्चाई का संदेश दिया। उनके भजन और गीत आज भी गाये जाते हैं। उनकी महानता इसी बात से प्रारब्ध है कि गुरु ग्रंथ साहिब में भी उनके पवित्र वचन दर्ज है।

### सामाजिक सामाजिक भवन के लिए विधायक ने 10 लाख की घोषणा की

इस दौरान विधायक इन्द्र साव ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं समाज प्रमुखों की मांग पर विधायक साव ने सिंगारपुर में मेहर समाज भवन के लिए 10 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मेहर समाज के प्रदेशाध्यक्ष खेमराज बाकरे, जिलाध्यक्ष रामरतन डांडेकर, तरुण बिजौर, राकेश मेहर, रामाधार लहरी, सुश्री रानी बघेल, सुरेश डांडेकर, शिवा तूरकाने, शिव तुरकाने सरपंच, बसंत जोशी, बलराज पाठक, मनहरण आडिल सहित काफी संख्या में सामाजिकजन, प्रतिभावान छात्र-छात्राएं, विवाह योग्य युवक-युवतियां सहित उनके पालकगण उपस्थित थे।

## हीमोफीलिया शिविर में मरीजों को सिखाया गया सेल्फ इनफ्यूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्वास्थ्य विभाग तथा इंटास फाउंडेशन के समन्वय से जिला चिकित्सालय में हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत हीमोफीलिया रोगियों को सेल्फ इन्फ्यूजन, फिजियोथेरेपी प्रशिक्षण तथा आवश्यकतानुसार फैक्टर वितरण की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और दैनिक जीवन में होने वाली परेशानियों को मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी एवं इंटास फाउंडेशन की टीम के साथ साझा किया। यह शिविर एक संवादात्मक (इंटरैक्टिव) सत्र रहा, जिसमें फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा मरीजों को फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में बताया गया तथा स्टाफ नर्सों के द्वारा उन्हें यह भी सिखाया गया कि वे किस प्रकार सुरक्षित रूप से फैक्टर वायल का उपयोग कर स्वयं इन्फ्यूजन कर सकते हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि हीमोफीलिया एक दुर्लभ आनुवांशिक ब्लड डिसऑर्डर है जो ब्लड जमने से रोकता है। हीमोफीलिया से पीड़ित लोगों को आमतौर पर चोट लगने के बाद सामान्य से ज्यादा समय तक रक्तस्त्राव होता है और बहुत ज़्यादा रक्तस्त्राव का खतरा होता है। हीमोफीलिया के इलाज के लिए गायब रक्त के थक्के बनाने वाले कारकों को बदला जाता है।

## सोसायटी और आंबा भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



ग्राम भोथीडिह (निपनिया) व गुडाघाट में उचित मूल्य की दुकान और आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का भूमि पूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक, राकेश तिवारी जिला भाजपा सदस्य व मथूरा यादव निपनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष, मालिक राम साहू जनपद सभापति, धनीराम साहू निपनिया सहकारी समिति अध्यक्ष, अनुप साहू सरपंच भोथीडिह, केसरी बाई साहू उपसरपंच भोथीडिह, तरुण कुमार साहू, सुखनन्द साहू, राधा बाई साहू, भरत साहू, बाला राम मरकाम आदि थे। उसके बाद काफिला गुडाग्घाट गए, जिसमें अतिथियों का स्वागत के बाद आगनबाड़ी भवन व उचित मूल्य दुकान के लिए भूमि पूजन किया गया, जिसमें मान सिंग साहू, सरपंच गुडाघाट दौलत राम साहू पंच, भागबली ध्रुव पूर्व सरपंच, फेकन ध्रुव, संतोष ध्रुव, कामता ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि मोपका, नारायण यादव सरपंच प्रतिनिधि खपरी (एस), मनीराम साहू, हिरा लाल यादव और ग्रामीण उपस्थित थे।

**आम सूचना**

**वाके मौजा ग्राम बुड़ेरा प.ह.न. 47 रा.नि.म. व तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा क्रं. 182/2 का रकबा 0.181 हे. भूमि के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गण जागेश्वर साहू पिता रामरतन साहू, पवन साहू पिता रामरतन साहू निवासी ब्रंहदेवपारा, कचना, सड्डू रायपुर के द्वारा विक्रेता देवचरण टंडन पिता गैतराम टंडन निवासी ग्राम केवतरा थाना खरोरा तह. तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. के अधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम बुड़ेरा प.ह.न. 47 रा.नि.म. व तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा क्रं 182/2 का रकबा 0.181 हेक्टेयर भूमि स्थित है जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित कर ब्याना प्रदान कर दिया गया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामा निष्पादन दिनांक व समय को देय होगा।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बीमा निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं सेठ साहूकार को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे बाद म्याद की गयी आपत्ति / दावा ग्राहय नहीं होगा।

स्थान :- खरोरा
दिनांक :-29/12/2025

**श्रीमति आभा चन्द्राकर (अधिवक्ता / नोटरी)**
**पता :- वार्ड क्रं. 08 शिव मंदिर के पास**
**खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. न. 9755230900**

## पेज 9 के शेष

### पैरा खेतों में...

की विधि का जीवंत प्रदर्शन किसानों के मध्य किया जा रहा है, बायो डी-कम्पोजर के उपयोग से किसान भाई पैरा को बहुत ही आसानी से कम्पोस्ट खाद में परिवर्तित कर सकते हैं, जिसका उपयोग रबी फसलों में किया जा सकता है। जिससे मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है। पराली जलाने से रोकने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक ग्राम में पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सचिव एवं कोटवार का दल गठन किया गया है। जिसके द्वारा सतत निगरानी किया जावेगा। दल के द्वारा खेतों का निरीक्षण कर फसल अवशेष के उचित प्रबंधन (यथा पशुचारे के रूप में उपयोग करने, कम्पोस्ट खाद बनाने आदि) के संबंध में कृषकों उचित सलाह दिया जावेगा। पराली (पैरा) जलाने से रोकने हेतु सभी ग्रामों में कोटवार के माध्यम से मुनादी करायी गई है, सभी सहकारी समितियों में पराली जलाने से नुकसान एवं खाद बनाने की विधि का फ्लेक्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के द्वारा किसान भाईयों से अपील किया कि फसल कटाई उपरान्त पैरा को न जलावें उसका उपयोग पशुचारे अथवा कम्पोस्ट खाद बनाने में करें जिससे वायु प्रदुषण न हो तथा मृदा उर्वरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान किया गया है।

### कर्मचारी फेडरेशन की

बरसेलाल, मंडलेश्वर, दीपचंद भारती, संजय यद्‌ु, राजू कर्मचारी फेडरेशन कीबरसेलाल, मंडलेश्वर, दीपचंद भारती, संजय यद्‌ु, राजू कुमार तंडे, कामता प्रसाद साहू, मालिक राम यादव, गुलाब घृतलहरे, इनूराम वर्मा, राजीव तिवारी, अजय पांडेय, सतीश नायक, टीकाराम यादव, संतोष रजक, कोमल साहू, आशीष तिवारी, नंदलाल देवांगन, शत्रुघन यादव, अरुण साहू, गजानं तरम, कोमल पोडवार, भीमसेन, जमवंत वर्मा, बेनीराम साहू, राजकुमार ध्रुव, देवेंद्र साहू, चितेश्वर वर्मा, मनबोध टंडन, पीके हिरवानी, मंगल ध्रुव, एमएल साहू, राजेश नेताम, पी. आर. धीवर शामिल थे।

### शहर की गंदगी ...

प्रदूषित हो रही है। कचरे के ढेर से आने वाली बदबू ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच ज्ञानचंद नेताम के साथ गांव के पंच और भारी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे। सरपंच ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रखने और एकजुटता दिखाने के लिए सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि 2 महीने के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### माहभर में अवैध...

खनिज मद में जमा कराया गया है। वर्तमान में जिले में महानदी, जोंक नदी, शिवनाथ नदी का निरीक्षण प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें जिले में कहीं भी मशीन से रेत का उत्खनन करते नहीं पाया गया है।

### अन्य किसान के ...

निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिचौलियों और कोचियों पर पैनी नजर रखने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। किसानों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए टोकन से लेकर तौल तक की प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

### मुख्यमंत्री साय साराडीह...

मीना बाजार जैसे मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। 1 जनवरी को विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण के साथ मेले का समापन होगा। जानकारों के अनुसार इस भजन मेले की शुरुआत सन 1910 में हुई थी। रामनामी समाज की अपनी एक विशिष्ट पहचान है। समाज के लोग अपने पूरे शरीर पर राम-राम का नाम गुदवाते हैं। सिर पर मोर पंख का मुकुट, शरीर पर राम-नाम अंकित सफेद चादर और पैरों में घुंघरू बांधकर नृत्य करते हुए राम नाम का जाप करना इनकी विशेषता है। समय के साथ आए कुछ मतभेदों के कारण अब यह बड़े भजन मेला तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ रामनामी समाज नदेली और अखिल भारतीय रामनामी महासभा जमगहन में भी मेला आयोजित होना तय किया गया है।

**पगड़ी रस्म**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिता जी **श्री धामनदास चंदनानी** का दुखद निधन 28/12/2025 को हो गया है, जिनकी पगड़ी रस्म दिनांक 30/12/2025, मंगलवार को दोपहर 1.00 बजे। श्री झूलेलाल धाम भाटापारा में रखी गई है।

स्व. श्री धामनदास जी चंदनानी (गुरुजी)

**नोट** महिलाओं की बैठक भी श्री झूलेलालधाम में रखी गई है।

शोकाकुल परिवार : प्रेम चंदनानी (पुत्र), भावेश चंदनानी (पौत्र)
अशोक कुमार जीवनानी (रायपुर), सुरेश कुमार आयलानी (रायपुर)
सुनील कुमार शोमवानी (रायगढ़), भरत कुमार नागवानी (राजिम) (सभी दामाद)
निवास : E Block 213, नारायण हाईट्स, भाटापारा
फर्म : गुरूदेव स्टोर, सदर बाजार, भाटापारा

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 9:00 PM
तु मेरी मै तेरी, मै तेरा तु मेरी
शो समय - 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय ने बारनवापारा अभयारण्य का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डे ने रविवार को बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यारण्य अंतर्गत पर्यटक ग्राम, रामपुर चारागाह तथा खैरछापर स्थित वनभैंसा बाड़ा का स्थल निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही सफारी गाइडों को बाइनाकूलर वितरित किए गए ताकि पर्यटकों को वन्यजीव दर्शन के दौरान बेहतर अनुभव मिल सके और गाइडों द्वारा वन्यजीवों की पहचान एवं जानकारी अधिक प्रभावी रूप से दी जा सके। निरीक्षण एवं कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए पीसीसीएफ अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि बारनवापारा अभयारण्य जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां संरक्षण, ग्राम विस्थापन, पर्यटन प्रबंधन तथा कर्मचारियों के सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों को संतुलित रूप से आगे बढ़ाना आवश्यक है। इस दौरान वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, अधीक्षक बारनवापारा कृषानू चन्द्राकार, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक श्वेता सिंह, गुलशन साहू, प्रखर नायक, परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल वर्मा, जीवन लाल साहू, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल कविता ठाकुर, राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी, दीक्षा पाण्डेय, दीपक कौशिक सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम विस्थापन और संरक्षण कार्यों में तेजी लाने दिए दिशा-निर्देश



### बैरियर चौकीदारों को गणवेश किट प्रदान की गई

निरीक्षण के दौरान बारनवापारा अभयारण्य से ग्राम विस्थापन में तेजी लाने एवं जिनका डीजीपीएस सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके विस्थापन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने, संरक्षण ढांचे को सुदृढ़ करने तथा वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान कंपोजिट कार्यालय, बारनवापारा में अभयारण्य के दैनिक श्रमिकों एवं बैरियर चौकीदारों को गणवेश किट प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### सर्वेश्वरी समूह ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

भाटापारा। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा इस वर्ष भी शीत ऋतु में कंबल का निशुल्क वितरण किया गया। भाटापारा से 150 किलोमीटर दूर पंडरिया क्षेत्र में बोदइ व दलदली तथा आसपास के अन्य गांव में सर्वे पश्चात जरूरतमंदों को कंबल प्रदाय किया गया। सर्वे में चिन्हित 250 लोगों को कंबल के साथ ही कुछ महिलाओं में साड़ियां तथा पुरुषों को पेंट शर्ट भी दिया गया। इस कार्यक्रम में समूह शाखा भाटापारा से जुड़े आसपास क्षेत्र के सभी समूह सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर अपना योगदान प्रदान किया। उक्त जानकारी संजय तिवारी प्रचार मंत्री समूह शाखा भाटापारा ने दी।

### बोईडीह में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



**पलारी**। ग्राम पंचायत बोईडीह में गुरु घासीदास की जयंती का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक संदीप साहू शामिल हुए। इस अवसर पर जैतखाम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की गई। समारोह में विधायक संदीप साहू ने बाबा गुरु घासीदास के बताए मनखे-मनखे एक समान के संदेश को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बाबाजी का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को समरसता और भाईचारे का मार्ग दिखाती हैं। वही पंथी नृत्य की थाप पर युवा और बुजुर्ग झूमते नजर आए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ भारी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया और बाबा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से मोहन बंजारे, जिला पंचायत सदस्य रविदास बंजारे, विक्रम राय, मंडल अध्यक्ष टोमन वर्मा, रामस्वरूप वर्मा, टिकेश्वर वर्मा एवं रुखमनी तेहारवंश उपस्थित रहे।

### मोतिमपुर में मड़ई 10 जनवरी को

**मगरलोड**। ग्राम मोतिमपुर में 10 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर चिरैया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा कुलिया कनेरी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल साहू ने दी है।

## सियासत : कांग्रेस ने मनाया पार्टी का 141वां स्थापना दिवस, गिनाई उपलब्धि

# देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक कांग्रेस की भूमिका अतुलनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



■ विधायक इंद्र साव ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों का किया सम्मान

कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस विधायक इन्द्र साव की उपस्थित में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजनों का विधायक इंद्र साव ने शाल श्रीफल, पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आजादी की लड़ाई से निकली वह विचारधारा है जिसकी आत्मा गांवों में बसती है। कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप निष्ठा से कार्य करते हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण का ही परिणाम है कि आज कांग्रेस के सच्चे कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन से वे विधायक बनकर क्षेत्र की सेवा कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 28 दिसम्बर 1885 को स्थापित कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक एतिहासिक भूमिका निभाई है। महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व मौलाना आजाद की प्रेरणाा से कांग्रेस आज भी लोकतंत्र, समानता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की आज़ादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक कांग्रेस की भूमिका अतुलनीय रही है। कांग्रेस शासनकाल में किसानों का कर्ज माफ किया गया, सिंचाई और कृषि को मजबूती दी गई, बिजली बिल माफी जैसे जनहितकारी निर्णय लिए गए। गरीबों को भोजन का अधिकार मिला, मनरेगा के माध्यम से गांवों में रोजगार सुनिश्चित किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गांव-गांव तक स्कूल, कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सुई से लेकर हवाई जहाज तक के निर्माण की मजबूत नींव रखकर देश को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। देश की वर्तमान हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए साव ने कहा कि देश अस्थिरता की ओर आगे बढ़ रहा है। सरकार जनहितकारी संस्थाओं और सेवाओं को निजी हाथों में सौंपने का कार्य कर रही है।कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री इन्द्र साव ने वरिष्ठ कांग्रेस जनों का शाल श्रीफल से सम्मानित करते हुए उनके द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए किए गए योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, रोशन हबलानी, सुकृत साहू, सुधेराम वर्मा, जी.डी.मानिकपुरी,मोहन केशरवानी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर गौरी भृगु,नानू सोनी, चंद्रशेखर चक्रधारी, मुकेश साहू,वैभव केसरवानी, मनमोहन कुर्रे, नवीन बक्स, संतोष अग्रवाल, डी.के.यादव पुनीत मानिकपुरी, विमल शर्मा,पूर्णिमा श्रीवास, हसराज बंसल, शशांक बंजारे, हरिश लहरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था

विधायक साव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कहा कि आज किसान धान बेचने के लिए परेशान हैं, धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था है। आम उपभोक्ता बढ़ते बिजली बिल और महंगाई से त्रस्त है, जबकि युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों से पीछे हट रही है, स्कूल बंद किए जा रहे हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर किया जा रहा है तथा शराब बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसका सीधा असर गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है।

# सुबह कोहरा, दिन में तीखी धूप और रात में हाड़ कंपाने वाली ठंड



**सेल**। ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से मौसम के मिजाज में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दिन और रात के तापमान में भारी अंतर के कारण लोग बेहाल हैं। बीते दो-तीन दिनों से स्थिति यह है कि सूरज ढलते ही कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती है, जो सुबह तक लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही है। क्षेत्र के मौसम में चौबीस घंटों के भीतर अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं।

सुबह तड़के 5 से सुबह 7 बजे तक पूरा अंचल घने कोहरे की चादर में लिपटा रहता है, जिससे दृश्यता काफी कम हो जाती है। दोपहर में सुबह के कोहरे के बाद दिन भर आसमान साफ रहता है और लोग तीखी धूप का आनंद लेते नजर आते हैं। शाम 5 से 6 बजते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है।

पिछले एक सप्ताह के आंकड़ों पर नजर डालें तो अंचल का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। रात के समय पड़ रही भीषण सर्दी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस हाड़ कंपाने वाली ठंड से बचने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोग शाम होते ही घर के बाहर अलाव (कौड़ा) जलाकर बैठ रहे हैं। गलियों और चौक-चौराहों पर लोग आग तापते हुए ठंड का आनंद लेते और चर्चा करते देखे जा सकते हैं।

# प्लेसमेंट कैम्प में 52 का सलेक्शन और 79 युवाओं का प्राथमिक चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में सोमवार को निजी क्षेत्रों के 3 नियोजकों से प्राप्त 116 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में 52 युवाओं का फ़ाइनल सलेक्शन एवं 79 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक श्रीराम लाईफ इंसुरेंस बलौदाबाजार को मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अभिकर्ता के कुल 26 पदों के लिये 70 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 2 आवेदक का मैनेजर एवं 20 का अभिकर्ता के रूप में अंतिम चयन एवं 48 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। दुर्गेश इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी रायपुर को सिक्योरिटी सुपरवाईजर एवं सिक्योरिटी गार्ड के कुल 40 पदों के लिए 41 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 30 आवेदकों का सिक्योरिटी गार्ड के पद पर अंतिम चयन एवं 11 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं टेक्नोटास्क प्रा.लि. रायपुर को कस्टमर सर्विस एसोसिएट के 50 पदों के लिये 28 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें से 20 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक एवं अंतिम चयनित आवेदकों को अपने-अपने संस्थानों में 7 दिवस के अंदर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि अंतिम कार्यवाही पूर्ण कर लिया जाये।

# कठिया टाइटन ने जीता क्रिकेट का प्रथम पुरस्कार

**खरोरा**। कठिया में प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार और रविवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में गांव की कुल छह टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद हेमंत वर्मा एवं महावीर ध्रुव की टीम कठिया टाइटन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं तिलक बघेल एवं पवन वर्मा की टीम कठिया इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के अवसर पर लेखु सेन सभापति, जनपद पंचायत तिल्दा, भुनेश्वरी दाउलाल पाल सरपंच, अशोक बांधे उपसरपंच, ललित वर्मा सोसायटी अध्यक्ष, डोमार सिंह वर्मा शिक्षक, कुमार जांगड़े, रिसब्या वर्मा, अशोक वर्मा, राम वर्मा, हारून साहू सहित सभी छह टीमों के खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खेल भावना के साथ मित्रवत व्यवहार कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अपने पुराने खेल दिनों को याद कर भावुक व प्रसन्न दिखाई दिए। प्रतियोगिता के दौरान विजेता टीम के खिलाड़ी धन्ना साहू के छत्तीसगढ़ आरक्षक पुलिस बल, जिला बलौदाबाजार में चयन होने पर सभी उपस्थित जनों ने उन्हें बधाई दी एवं विशेष रूप से सम्मानित किया।



# ग्रामसभा में वीबीजीरामजी योजना के उद्देश्य व लाभ की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





ग्राम पंचायत तुलसी में विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी वीबीजीरामजी योजना के संबंध में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य योजना के नए प्रावधानों से ग्रामीणों को अवगत कराना तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को प्रस्तुत करना था। सभा में कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार वैद्य, तकनीकी सहायक गुलशन कुमार एवं स्वर्णालता माहेश्वरी के साथ-साथ सरपंच चंद्रमणि तिवारी, उप सरपंच पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त ग्राम सभा में योजना का विधिवत पठनः सभा में वीबीजीरामजी के नए कानूनी प्रावधानों का विस्तृत पठन किया गया, ताकि हर ग्रामीण इसके दायरे, अधिकारों और प्रक्रियाओं से भली-भांति परिचित हो सके। ग्राम पंचायत तुलसी के लिए तैयार किए जा रहे वित्तीय वर्ष 2026-27 के कार्य योजना को युक्तधारा एवं क्लैट एप जैसे आधुनिक डिजिटल प्लेटफार्मों की सहायता से ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस तकनीकी प्रदर्शन से ग्रामीणों को आने वाले वर्ष में होने वाले विकास कार्यों की स्पष्ट झलक मिली। साथ ही एनएमएमएस द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस एवं ई केवाईसी के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों से आग्रह किया गया कि वे आगामी योजनाओं के निर्माण में सक्रिय सुझाव दें, ताकि गांव की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप कार्यों का चयन किया जा सके। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार वैद्य ने बताया कि नई योजना ग्राम पंचायतों को 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत के रूप में डेवलप करना है और यह योजना अधिक शक्तिशाली बनाती है तथा रोजगार के दिनों को बढ़ाने का प्रयास करती है। तकनीकी सहायक गुलशन कुमार एवं स्वर्णालता माहेश्वरी ने युक्त धारा एवं क्लैट एप द्वारा ग्राम पंचायत के वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित प्लान प्लान को ग्राम सभा में ग्रामीण जनता को दिखाया।

## नगर में सादे ध्वज के साथ निकाली शोभायात्रा, बिल्लहरी पंथी दल रहा प्रथम

# गुरु घासीदास जयंती पर दलों ने पंथी नृत्य की दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर 27 दिसंबर को कसडोल नगर में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सतनाम युवा मंच कसडोल के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

शोभायात्रा की शुरुआत कसडोल स्थित सतनाम भवन से हुई। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे कसडोल का भ्रमण करते हुए गुरु घासीदास बाबा चौक में विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा धारण कर बाबा के जयकारे लगाते हुए, झांकियों और सादे ध्वज-के साथ आगे बढ़ते नजर आए। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह, भक्ति और अनुशासन का वातावरण बना रहा। शोभायात्रा के समापन पश्चात रात्रि के समय राज्यस्तरीय खड़ी पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसने दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई पंथी नृत्य दलों ने अपनी उत्कृष्ट कला और परंपरा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये मां सबरी दाई राइस मिल सर्वानी (सर्वा) के संचालक अजय बंजारे द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रुपये डॉ. सुरेंद्र दिव्यकार सर्जन आद्या हॉस्पिटल कसडोल एवं तृतीय पुरस्कार 20 हजार पप्पू दिवाकर और ऋषभ दिवाकर द्वारा प्रदान किया गया।

निर्णायकों के निर्णय अनुसार प्रथम स्थान संत समाज पंथी नृत्य एवं छाकी पार्टी, बिल्लहरी (जिला राजनांदगांव) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संत शिरोमणि गुरु घासीदास आदर्श युवा लोक कला मंडल पंथी नृत्य दल को मिला, जबकि तृतीय स्थान मां सफुरा माता बालिका पंथी नृत्य दल, उमरपोटी (जिला दुर्ग) ने प्राप्त किया।

### मनखे-मनखे एक समान का संदेश

आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संत गुरु घासीदास बाबा के महान संदेश मनखे-मनखे एक समान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना, सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में सतनाम युवा मंच के सदस्यों, कलाकारों, अतिथियों एवं कसडोल नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंथी नृत्य की समृद्ध परंपरा को भी नई पहचान दी। कसडोल नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अजय बंजारे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेंद्र दिव्यकार, विशिष्ट अतिथि पप्पू दिवाकर, ऋषभ दिवाकर, अतिथिगण में डॉ. रवि अजगले बीएमओ कसडोल, मनीष वारे, कसडोल एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक, गायत्री यशवंत जाटवार, संजय बंजारे, पंकज घृतलहरे, देवेन्द्र खूंटे, असम से आए मनीषा घृतलहरे, जयशीला घृतलहरे, विश्वनाथ जांगड़े, हरिकांत, राजू साहू, संतोष साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# तेजस्विनी माता सावित्रीबाई फुले सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



कर्मचारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह करियर गाइडेंस समारोह का आयोजन शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान रायपुर में किया गया। समारोह में विभिन्न जिलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाटापारा नगर की होनहार छात्रा तेजस्विनी (छोटी) पटेल को कक्षा दसवीं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर समाज गौरव माता सावित्रीबाई फुले सम्मान से नवाजा गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। तेजस्विनी की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, समाजजनों एवं मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें करियर मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।